# इंटर स्टेट व स्लीपर बस संचालकों को सुरक्षा मानकों के पालन के निर्देश

▶ आगामी त्यौहारों और यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस सतर्क

**इंदौर. शहर से संचालित इंटर स्टेट और स्लीपर बसों के सुरक्षित परिचालन को लेकर शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सभागार में बस संचालकों एवं प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई. बैठक में यात्रियों व नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बस संचालन से जुड़े सुरक्षा मानकों और आवश्यक दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के सख्त निर्देश दिए गए.**

बैठक पुलिस आयुक्त के निर्देशन में आयोजित हुई, जिसमें अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) आरके सिंह, पुलिस उपायुक्त (प्रभारी यातायात) राजेश कुमार त्रिपाठी, यातायात प्रबंधन के अधिकारीगण, एआरटीओ राकेश गुप्ता तथा विभिन्न बस ऑपरेटर एवं ट्रांसपोर्ट अधिकारी उपस्थित रहे. इस दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ऑनलाइन टिकट बुकिंग एप पर केवल अधिकृत स्टॉपेज ही दर्शाए जाएं तथा बसों में सवारियां यार्ड से ही बैठाई जाएं. सड़क पर बस खड़ी कर यातायात बाधित करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.



## बैठक में यह निर्देश दिए गए

बैठक में सभी बसों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम और सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से स्थापित करने तथा उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. आपात स्थिति से निपटने के लिए अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स और इमरजेंसी गेट की उपलब्धता अनिवार्य बताई गई. बसों की फिटनेस, निर्धारित तकनीकी मानकों और वैध दस्तावेजों की नियमित जांच करने, खराब वाहनों का संचालन रोकने तथा भारी वाहन चलाने के लिए वैध लाइसेंसधारी चालकों की नियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए.

## की जाएगी ट्रैफिक नियमों के पालन की समीक्षा

अधिकारियों ने बैठक में ड्राइवरों की समय-समय पर स्वास्थ्य जांच, प्रशिक्षण एवं पुलिस वेरिफिकेशन कराने पर भी जोर दिया. बैठक में संचालकों ने निर्देशों के पालन में सहयोग का आश्वासन दिया. यातायात पुलिस और आरटीओ द्वारा शीघ्र ही विशेष अभियान चलाकर नियमों के पालन की समीक्षा की जाएगी. उल्लंघन की स्थिति में संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

# मासिक मूल्यांकन : जनवरी में जोन-03 का हीरा नगर अनुभाग अव्वल

▶ जोन-04 का सराफा अनुभाग निर्धारित मापदंडों पर रहा
▶ फिसड्डी

विभिन्न पैरामीटर्स पर मासिक आधार पर की जा रही एसीपी के कार्यों की समीक्षा




**इंदौर. पुलिस कमिश्नरेट द्वारा एसीपी स्तर पर कार्यों के मासिक मूल्यांकन की शुरुआत की गई है. जनवरी माह के मूल्यांकन परिणाम जारी कर दिए हैं, जिसमें ज़ोन-03 के हीरा नगर अनुभाग के एसीपी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया है, जबकि ज़ोन-04 के सराफा अनुभाग के एसीपी निर्धारित मापदंडों पर सबसे कमजोर प्रदर्शन के कारण अंतिम स्थान पर रहे.**


पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में प्रारंभ की गई इस मानकीकृत मूल्यांकन प्रणाली का उद्देश्य पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी, उत्तरदायी और जनोन्मुखी बनाना है. इसके तहत कमिश्नरेट के सभी 12 अनुभागों में पदस्थ एसीपी के कार्यों की समीक्षा विभिन्न पैरामीटर्स पर मासिक आधार पर की जा रही है. मूल्यांकन के दौरान अपराध नियंत्रण, लंबित प्रकरणों का निराकरण, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, कानून व्यवस्था की स्थिति, जनशिकायतों का समाधान, विशेष अभियानों की प्रगति सहित अन्य प्रशासनिक और मैदानी कार्यों को आधार बनाया.

## प्रतिस्पर्धात्मक कार्यसंस्कृति को बढ़ावा

जनवरी माह की समीक्षा में जोन-03 अंतर्गत हीरा नगर अनुभाग के एसीपी ने समग्र रूप से बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया. वहीं जोन-04 के सराफा अनुभाग के एसीपी निर्धारित मानकों पर अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके और सूची में अंतिम स्थान पर रहे. मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मूल्यांकन प्रणाली से प्रतिस्पर्धात्मक कार्यसंस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और प्रत्येक अधिकारी अपने अनुभाग में अपराध नियंत्रण व जनसेवा को लेकर अधिक सजग और सक्रिय रहेगा. आगामी महीनों में भी इसी तरह नियमित समीक्षा जारी रहेगी.

## एक नजर में

### नई नीति के विरोध में बस संचालक 2 मार्च से हड़ताल पर



**महू.** मध्य प्रदेश के निजी बस संचालकों ने सरकार की नई दंडात्मक नीति के विरोध में 2 मार्च से हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है. बस मालिकों का कहना है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो पूरे प्रदेश में बसों के पहिये थम जाएंगे. प्राइवेट बस ओनर्स एसोसिएशन ने मोटरयान अधिनियम में किए गए हालिया संशोधनों पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि 24 दिसंबर 2025 और 29 जनवरी 2026 को जारी किए गए नए नियम उन पर भारी आर्थिक बोझ डालेंगे. सागर में हुई प्रदेश स्तरीय बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि इन संशोधनों को वापस लेकर पुरानी व्यवस्था बहाल की जाए. इसी कड़ी में शुक्रवार को महू अप नगरी बस एसोसिएशन के सदस्यों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार विवेक सोनी को ज्ञापन सौंपा. बस मालिकों ने स्पष्ट किया कि यदि शासन ने सकारात्मक रुख नहीं अपनाया, तो वे 2 मार्च से स्वेच्छा से बसों का संचालन बंद कर देंगे.

### पिगडंबर पुलिस लाइन से आरक्षक की बाइक उड़ाई

**महू.** शहर में बढ़ती बाइक चोरी की घटनाओं से अब पुलिस विभाग भी अछूता नहीं रहा. पिगडंबर स्थित पुलिस लाइन से एक आरक्षक की बाइक चोरी हो जाने की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा दिए हैं. मामले में किशनगंज थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है. शिकायतकर्ता आरक्षक बलवीर सिंगाड़ ने बताया कि वे वर्तमान में पिगडंबर पुलिस लाइन में निवासरत हैं तथा थाना महू में आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं. उन्होंने अपनी होंडा शाइन मोटरसाइकिल नं. एमपी 09 क्यू डब्ल्यू 3662 रोजाना की तरह रात को मल्टी के नीचे सामने पार्किंग में खड़ी की थी. सुबह करीब 7 बजे जब वे ड्यूटी के लिए बाहर निकले तो बाइक अपने स्थान पर नहीं मिली. पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है. उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी मेडीकैप्स यूनिवर्सिटी के पीछे पिगडंबर पुलिस लाइन से एक पुलिसकर्मी की बाइक चोरी हो चुकी है. हालांकि, उस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बाग टांडा क्षेत्र से आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था. अब एक बार फिर पुलिसकर्मी की बाइक चोरी होने से चोरों की यह पुलिस को खुलेआम चुनौती मारी जा रही है.

### ग्रामीण बच्चों संग सामाजिक संस्थाएं खेलेंगी होली के रंग

**महू.** वर्तमान में नगरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी होली खेलने की परंपरा विलुप्त होती जा रही है. बच्चों में भी अब होली खेलने का भाव प्रायः नहीं देखा जा रहा है. इसी परंपरा को जीवित रखने का प्रयास करते हुए नगर की सामाजिक संस्थाओं ने ग्रामीण बच्चों संग होली खेलने का बीड़ा उठाया है, ताकि हमारी संस्कृति कायम रहे. संस्था सामाजिक विचार मंच, रोटरी क्लब, उत्कर्ष सामाजिक उत्थान समिति और रोटरी क्लब ऑफ महू कैंट के संयुक्त प्रयास से 1 मार्च रविवार को ग्राम बोरखेड़ी में पहुंचकर ग्रामीण बच्चों को पिचकारी पैकेट, रंग पैकेट, गुलाल पैकेट, गुब्बारे के पैकेट और बिस्किट के पैकेट वितरित कर ग्रामीण बच्चों संग होली मनाने का प्रयास किया जा रहा है. नगर की सभी सामाजिक संस्थाओं को इस अवसर पर आमंत्रित किया जा रहा है

### कोकिन तस्करी में लंबे समय से फरार आरोपी धराया



**इंदौर.** क्राइम ब्रांच ने कोकिन तस्करी से जुड़े एक फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था, जिसे चिन्हित कर दबोचा. पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है. एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी असद शेख के कब्जे से करीब 10 ग्राम अवैध मादक पदार्थ कोकिन जब्त की गई थी. जब्त कोकिन की अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग दो लाख रुपये आंकी गई है. पूछताछ और मुखबिर सूचना के आधार पर सामने आया कि इस नेटवर्क से जुड़ा तोहिद शेख निवासी खजराना घटना दिनांक से फरार चल रहा था. जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी अन्य जिलों से मादक पदार्थ खरीदकर इंदौर में सप्लायरों को उपलब्ध कराता था. क्राइम ब्रांच ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

### मालदीव टूर के नाम पर डॉक्टर दंपति से ठगी

**इंदौर.** मालदीव भ्रमण के नाम पर एक डॉक्टर दंपति से करीब ढाई लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु कर दी है. पीड़ित डॉ. विकास पांडे ने एमआईजी थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उन्होंने ऑनलाइन ड्रीम होलीडे नामक ट्रैवल कंपनी के माध्यम से मालदीव का अवकाश पैकेज बुक किया था. एजेंसी संचालक आयुष्मान और कनिका ने बुकिंग व अन्य व्यवस्थाओं के नाम पर अलग-अलग किश्तों में करीब ढाई लाख रुपये ले लिए. राशि भुगतान के बाद भी जब टिकट और यात्रा संबंधी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए तो दंपति को संदेह हुआ. होटल से संपर्क करने पर पता चला कि उनके नाम से कोई राशि जमा ही नहीं हुई है. शिकायत पर एमआईजी पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.

### पुराने विवाद में पड़ोसी ने तलवार से किया हमला

**इंदौर.** अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र के घनश्याम दास नगर में शुक्रवार सुबह दो पड़ोसियों के बीच चला आ रहा पुराना विवाद खूनी झड़प में बदल गया. गुस्से में एक पड़ोसी ने जितेंद्र उर्फ जीतू पर तलवार से हमला कर दिया, जिससे उसकी एक उंगली कट गई. घायल को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया है. थाना प्रभारी अजय नायर ने बताया कि सुबह किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हिंसक हो गया. आरोप है कि विवाद के दौरान आरोपी तलवार लेकर आ गया और उसने जितेंद्र पर वार कर दिया. हमले में उसकी हाथ की एक उंगली गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल भेजा. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों परिवारों के बीच पहले से रंजिश चल रही थी, मामले की विस्तृत जांच जारी है.

# नशे में सात वाहनों के कांच फोड़ने के आरोपी को दबोचा

▶ पुलिस चौकियों पर भी की पत्थरबाजी
▶ सार्वजनिक रूप से माफी मंगवाई



**इंदौर.** शहर के चंदन नगर, मल्हारगंज और छत्रीपुरा थाना क्षेत्रों में रात्रि के समय पत्थरबाजी कर दहशत फैलाने वाले 19 वर्षीय बदमाश को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया. आरोपी ने शराब के नशे में आम लोगों के वाहनों के कांच फोड़ने के साथ पुलिस चौकियों पर भी पथराव किया था.

घटना मंगलार 24 फरवरी की रात की है, जब आरोपी ने अलग-अलग स्थानों पर खड़ी गाड़ियों पर पत्थर फेंककर उनके शीशे तोड़ कर सात वाहनों को नुकसान पहुंचाया था. इतना ही नहीं, चंदन नगर स्थित राजनगर चौकी सहित मल्हारगंज और छत्रीपुरा थाना क्षेत्र में भी पत्थरबाजी कर उपद्रव किया था, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था. मामले में कार्रवाई करते हुए चंदन नगर पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा. पूछताछ में उसने अपना नाम सावन नरवाले पिता आजाद नरवाले उम्र 19 वर्ष, निवासी शुल्फाखेड़ी, थाना मल्हारगंज बताया. प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने आम जनता में डर और रोब पैदा करने की नीयत से यह घटना को अंजाम दिया था.

## घटना स्थल पर ले जाकर मंगवाई माफी...

पुलिस आरोपी को उन स्थानों पर लेकर गई, जहां उसने तोड़फोड़ की थी. वहां आरोपी ने आम नागरिकों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगी. इस कार्रवाई से संतुष्ट लोगों ने चंदन नगर पुलिस की सराहना करते हुए तालियां बजाकर प्रशंसा की.

# हिस्ट्रीशीटर सलमान लाला की भाभी की संदिग्ध अवस्था में मौत

▶ संजय सेतु के पास अचेत मिलीं साईदा, उपचार के दौरान मौत

**इंदौर. शहर के चर्चित हिस्ट्रीशीटर सलमान लाला के परिवार से जुड़ा एक और मामला शुक्रवार को सामने आया, जब उसकी भाभी साईदा पति शादाब लाला संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाई गई. वे संजय सेतु क्षेत्र में अचेत अवस्था में मिली थीं. राहगीरों की सूचना पर उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार साईदा खजराना क्षेत्र की निवासी थीं. शुक्रवार को वे संजय सेतु के पास बेसुध हालत में पड़ी मिलीं. मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी. प्रारंभिक जांच में जहरीला पदार्थ सेवन किए जाने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी. उल्लेखनीय है कि कुछ माह पूर्व सलमान लाला की पुलिस अभिरक्षा में मौत हुई थी, जिसके बाद मामला काफी चर्चा में रहा. परिवार ने उस समय पुलिस पर गंभीर आरोप भी लगाए थे. सलमान पर 25 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज थे. मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर आत्मघाती कदम के कारणों की विभिन्न पहलुओं से जांच शुरू कर दी है.

# 1.45 लाख के जेवर के साथ आरोपी धराया, दूसरा फरार

▶ जीवन ज्योति कॉलोनी में हुई नकबजनी की वारदात का खुलासा

**इंदौर. बेटमा पुलिस ने जीवन ज्योति कॉलोनी में हुई नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. उसके कब्जे से करीब 1 लाख 45 हजार रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं. मामले में एक अन्य आरोपी अभी फरार है.**



पुलिस के मुताबिक, मुखबिर से सूचना मिली थी कि निहाल ठाकुर नामक युवक चोरी के जेवर खपाने की कोशिश में है. सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने निहाल ठाकुर पिता नेपाल सिंह ठाकुर निवासी काली बिल्लोद को हिरासत में लिया. पूछताछ के दौरान उसने जीवन ज्योति कॉलोनी में नकबजनी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया. आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवर बरामद कर लिए हैं. पुलिस ने निहाल के साथी सौरभ पिता राम लोचन पटेल निवासी प्रभातम कॉलोनी को भी प्रकरण में आरोपी बनाया है. वह फिलहाल फरार है और उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है.,

# जिलाबदर बदमाश को पकड़ा

**इंदौर.** खजराना पुलिस ने जिलाबदर आदेश का उल्लंघन कर क्षेत्र में घूम रहे एक कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार किया है. आरोपी को छह माह के लिए इंदौर जिले की सीमा से बाहर रहने के आदेश दिए गए थे, बावजूद इसके वह खजराना इलाके में सक्रिय मिला. थाना प्रभारी मनोज सेंधव ने बताया कि आरोपी शाहरुख उर्फ गोलू पिता जब्बार निवासी अशरफी कॉलोनी, खजराना को जनवरी में पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह द्वारा छह माह के लिए जिलाबदर किया था. उसके खिलाफ मारपीट, एनडीपीएस एक्ट, डकैती, लूट, अड़ीबाजी एवं आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में करीब 18 आपराधिक प्रकरण शहर के अलग-अलग थानों में दर्ज हैं. पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी नाहरशाह वली दरगाह मैदान क्षेत्र में घूम रहा है. सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे हिरासत में ले लिया.

# किशोरियों को मिलेगा सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा कवच

▶ आज से होगी एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरूआत

**इंदौर.** महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरूआत शनिवार को दोपहर 12 बजे किया जाएगा. राष्ट्रीय स्तर पर इस अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अजमेर (राजस्थान) से की जाएगी. इंदौर जिले में भी इसी दिन से टीकाकरण प्रारंभ होगा.

सीएमएचओ ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर, स्तन कैंसर के बाद महिलाओं में कैंसर का दूसरा प्रमुख प्रकार है. लगभग 99 प्रतिशत मामलों में यह एचपीवी वायरस के संक्रमण से होता है. इस संक्रमण से बचाव के लिए किशोरियों को एचपीवी का टीका लगाया जाएगा. यह टीका उन बालिकाओं को लगाया जाएगा, जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है, लेकिन 15 वर्ष पूर्ण नहीं किए हैं. इसके लिए एक ही खुराक प्रभावी मानी गई है. यह टीकाकरण पूरी तरह निःशुल्क होगा, जबकि बाजार में इसकी एक खुराक की अनुमानित कीमत चार से पांच हजार रुपये तक है.

**'यू-विन' पोर्टल पर किया जाएगा टीकाकरण का पंजीयन-** टीकाकरण का पंजीयन 'यू-विन' पोर्टल पर किया जाएगा और प्रमाण पत्र भी इसी माध्यम से जारी होगा. हितग्राही स्वयं पंजीयन कर सकते हैं, साथ ही टीकाकरण केंद्रों पर मौके पर भी पंजीयन की सुविधा उपलब्ध रहेगी. पहचान के लिए आधार कार्ड, जन्म प्रमाण-पत्र, छात्र परिचय पत्र, पासपोर्ट, एमसीपी कार्ड, स्थानांतरण प्रमाण-पत्र, पैन कार्ड, राशन कार्ड (फोटो सहित), बैंक पासबुक अथवा जन्म तिथि घोषणा पत्र जैसे दस्तावेज मान्य होंगे.

## इंदौर जिले में 23 स्वास्थ्य केंद्रों पर होगा टीकाकरण

इंदौर जिले में लगभग 23 स्वास्थ्य केंद्रों पर टीका उपलब्ध रहेगा. टीकाकरण प्रतिदिन कार्य दिवसों में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा. जिन बालिकाओं को पूर्व में यह टीका लगाया जा चुका है, उन्हें पुनः टीका नहीं लगाया जाएगा. उनकी जानकारी यू-विन पोर्टल पर दर्ज की जाएगी. इस दौराम सीएमएचओ ने स्पष्ट किया है कि यह टीका पूर्णतः सुरक्षित है और कई वर्षों से उपयोग में है. विश्व के लगभग 148 देशों में यह टीकाकरण किया जा रहा है.

## इन स्थानों पर लगाए जाएंगे एचपीवी टीके ...

इनमें देपालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हाटोद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हातोद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सांवेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, महू सिविल अस्पताल, जिला अस्पताल इंदौर, खजराना शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बाणगंगा शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नंदानगर, अरण्य नगर, राजेंद्र नगर, भिचोली हप्सी सहित अन्य शहरी व ग्रामीण केंद्र शामिल हैं.

# दो ट्रकों से ले जा रही अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ी

▶ लसूड़िया पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**इंदौर. इंदौर बायपास पर लसूड़िया पुलिस ने देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब से भरे दो ट्रक पकड़ने में सफलता हासिल की है. दोनों वाहनों को संदेह के आधार पर रोका था, जिनकी तलाशी लेने पर बड़ी मात्रा में शराब बरामद हुई.**


सूत्रों से मिली प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, ट्रकों में लोड शराब के परिवहन से संबंधित दस्तावेज संदिग्ध पाए गए. पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर चालकों से पूछताछ शुरू कर दी है. आशंका है कि शराब को बिना अनुमति अन्य जिले या राज्य में खपाने के लिए ले जाया जा रहा था. सूत्रों का कहना है कि बरामद शराब की मात्रा काफी अधिक है और इसकी बाजार कीमत लाखों रुपये में आंकी जा रही है. फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि खेप किस कारोबारी की है और कहां से लोड कर कहां भेजी जा रही थी. मामले में लसूड़िया पुलिस ने आबकारी विभाग से भी समन्वय शुरू कर दिया है. ट्रक मालिकों, सप्लायर और संभावित नेटवर्क के बारे में पूछताछ की जा रही है. पुलिस का कहना है कि पूछताछ और दस्तावेजों की जांच के बाद पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा.

समस्या ▶ शिक्षित युवाओं के अलावा ग्रामीण इलाकों से रोजगार की तलाश में शहर आने वाले मजदूरों की संख्या लगातार बढ़ रही

# तेजी से हो रहा औद्योगिक विकास, फिर भी बेरोजगारी गंभीर समस्या

**इंदौर.** शहर में तेजी से होते औद्योगिक विकास के बावजूद, यहां बेरोजगारी की समस्या एक गंभीर चिंता का विषय बन गई है, विशेषकर दिहाड़ी मजदूरों के लिए. शहर की चकाचौंध के बीच शिक्षित युवाओं के अलावा ग्रामीण इलाकों से पलायन कर रोजगार की तलाश में आने वाले मजदूरों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन उन्हें काम मिलने में कठिनाई हो रही है.

छोटे कस्बों और ग्रामीण इलाकों से रोजगार की तलाश में बड़ी संख्या में लोग इंदौर पहुंच रहे हैं. निर्माण कार्य फैक्ट्री और छोटे-मोटे काम की उम्मीद में आए मजदूरों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन काम के अवसर सीमित हैं. शहर के विभिन्न मजदूर चौक पर सुबह से ही सैकड़ों मजदूर काम की आस में खड़े रहते हैं. दोपहर तक इंतजार करने के बाद भी कई लोगों को निराश होकर खाली हाथ घर लौटना पड़ता है. बेरोजगारी की मार सबसे ज्यादा निम्न और मजदूर वर्ग पर पड़ रही है. परिवार का भरण-पोषण बच्चों की पढ़ाई और किराए का खर्च जुटाना उनके लिए चुनौती बन चुका है. मजदूरों का कहना है कि सरकार को विशेष रोजगार योजना लागू कर स्थायी या अस्थायी काम उपलब्ध कराना चाहिए, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके.



## दिहाड़ी मजदूरों की पीड़ा...




रोज सुबह मजदूर चौक पर काम की उम्मीद में खड़े रहते हैं, लेकिन कई बार खाली लौटना पड़ता है. परिवार की जिम्मेदारी बढ़ती जा रही है, जो हम जैसे निम्न वर्ग के लिए बड़ी चिंता का विषय है.

- निलेश इंगले



बाहर से आने वाले मजदूरों की संख्या लगातार बढ़ रही है. पहले काम आसानी से मिल जाता था, लेकिन अब हालात बदल गए हैं. दो-दो दिन काम नहीं मिलता. बच्चों की पढ़ाई और घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है.

- कैलाश हिवराड़े



शहर विकसित हो रहा है, लेकिन दिहाड़ी करने वालों के लिए काम कम होता जा रहा है. रोज घंटों इंतजार करते हैं. सरकार अगर रोजगार योजना शुरू करे तो हजारों परिवारों को सहारा मिल सकता है.

- दास्तान मोरे